# CONTENTS

## PART (A)

## TEXT, PROBLEMS, ANSWERS & EXPLANATIONS


| Chapter | | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | **ARTICLES**<br>**Articles** — 'A, An, The', Idiomatic Uses of 'A / An', Difference between 'A' and 'An', Uses of 'The', Omission of Articles. **Problems, Answers, Explanations** ... ... | 1 — 8 |
| 2. | **NOUNS & CASES**<br>**Case**—Definition, Types, Possessive Case, Uses of Apostrophe 's' ('s), **Problems, Answers, Explanations** ... ... | 9 — 15 |
| 3. | **NOUNS & NUMBERS**<br>**Nouns and Numbers**—Singular Nouns, Singular and Plural Nouns (No change in form), Plural Nouns, Singular-Plural Formation, Uses of Singular Nouns, Uses of Plural Nouns, **Problems, Answers, Explanations** ... ... | 16 — 23 |
| 4. | **SUBJECT - VERB AGREEMENT**<br>**Subject - Verb Agreement, Problems, Answers, Explanations** ... ... | 24 — 32 |
| 5. | **TIME & TENSES**<br>**Present Tense**—Present Indefinite, Present Imperfect/Continuous, Present Perfect, Present Perfect Continuous, **Past Tense**—Past Indefinite, Past Imperfect/Continuous, Past Perfect, Past Perfect Continuous, **Future Tense**—Future Indefinite, Future Imperfect/Continuous, Future Perfect, **Problems, Answers, Explanations** ... ... | 33 — 41 |
| 6. | **PRONOUNS**<br>**Pronouns**—Definition, Classification, Uses of Personal Pronouns, Uses of Objective Case Pronouns, 'Than' and the Case, Distributive, Reciprocal, Demonstrative, Reflexive, Emphatic, Relative, Uses of who / which / that etc., Who / Whom, Interrogative, Exclamatory, **Problems, Answers, Explanations** ... ... | 42 — 49 |
| 7. | **ADJECTIVES**<br>**Adjectives**—Definition, Classification, Proper Adjective, Distributive, Use of each, every, either, neither, each and every, Demonstrative, Numeral, Order of Numerals, Quantitative, Order of Indefinite Numerals and Definite Numerals, Qualitative, Interrogative, Degree of Comparison, Some Important Facts : Comparatively / Relatively, Enough, Interchanges of Degrees, **Problems, Answers, Explanations** ... ... | 50 — 58 |
| 8. | **VERBS**<br>**Verbs**—Auxiliary Verbs, Primary Auxiliaries, Modal Auxiliaries, Main Verbs / Principal Verbs, **Infinitives**—Uses of Infinitives, Uses of Infinitives (without 'to') or (Bare Infinitives), **Participles, Problems, Answers, Explanations** ... ... | 59 — 71 |

| Chapter | | | Page No. |
|---|---|---|---|
| 9. **ADVERBS**<br>**Adverbs**—Classification, Simple Adverbs, Interrogative Adverbs, Relative Adverbs, Some Important Adverbs and their uses, Position of Adverbs, **Inversion, Problems, Answers, Explanations** | ... | ... | 72 — 85 |
| 10. **CONJUNCTIONS**<br>**Conjunctions**—Some important Conjunctions and their uses, **Problems, Answers, Explanations** | ... | ... | 86 — 93 |
| 11. **VOICES**<br>**Voice**—Definition, Kinds of Voices, General Rules regarding Active to Passive, Tense & Voice, Present Indefinite, Present Imperfect, Present Perfect, Past Indefinite, Past Imperfect, Past Perfect, Future Indefinite, Future Perfect, Passive of Interrogative Sentences, Passive of 'Yes/No Questions', Passive of Questions beginning with 'Do/Does/Did', Passive of Questions beginning with 'Have/Has/Had', Passive of Questions beginning with 'Modal Auxiliary Verbs', Passive of 'Wh-Questions', Passive of Imperative Sentence, Passive of Sentences expressing 'order/request' etc., Passive of sentences expressing 'Suggestion/Advice', Passive of sentences expressing 'request', Passive of To be + Infinitive (To + $V^1$), Passive of Have/Has/Had + Infinitive (To + $V^1$), Passive of Stative Verbs, Passive of Verbs + Preposition + Object, **Problems, Answers, Explanations** | ... | ... | 94 — 105 |
| 12. **NARRATIONS**<br>**Narration**—Definition, Kinds of Narrations, Some important information about Narration, Changing Direct Narration into Indirect Narration, General Rules, Indirect Narration of Assertive Sentences, Indirect Narration of Interrogative Sentences, Indirect Narration of Imperative Sentences, Rules regarding 'order / request', Indirect Narration of sentences beginning with 'Let', Indirect Narration of Optative Sentences, Indirect Narration of Exclamatory Sentences, 'Must' and Indirect Narration, **Problems, Answers, Explanations** | ... | ... | 106 — 116 |
| 13. **PREPOSITIONS**<br>**Preposition**—Definition, Classification, Prepositions of Direction, Prepositions of Place, Preposition of Time, Some other Prepositions, Some important facts about Prepositions, Some Nouns and appropriate Prepositions, Some Verbs and appropriate Prepositions, Some Adjectives and Participles followed by Prepositions, **Problems,** Answers, **Explanations.** | ... | ... | 117 — 134 |
| 14. **SUPERFLUOUS EXPRESSIONS & SLANG**<br>Superfluous **Expressions and Slang**—Definition, Some important Suprefluous Expressions and Slang, **Problems, Answers, Explanations** | ... | ... | 135 — 141 |


★★★

*Chapter - 1*

# ARTICLES

**A, An** तथा **The** को Articles कहा जाता है तथा इनका प्रयोग किसी Noun को Indefinite या Definite बनाने के लिए किया जाता है; जैसे—

(i) **A beggar** has stolen your shirt.

(ii) This is **the house** in which I live.

यहाँ वाक्य (i) में beggar के पहले **A** का प्रयोग है। **A** या **An** को Indefinite Articles कहा जाता है क्योंकि ये किसी Noun को Indefinite बनाते हैं। अत: **A beggar** का अर्थ है 'एक भिखारी, कोई भिखारी'। अर्थात् उस **भिखारी** के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वह कौन है, कहाँ रहता है।

वाक्य (ii) में house के पहले **the** का प्रयोग है। **The** को Definite Article कहा जाता है क्योंकि यह किसी Noun को Definite बनाता है। अत: **The house** से निश्चित **घर** का बोध होता है। अर्थात् वह **घर** जिसमें मैं रहता हूँ।

**1. Uses of A/An** : A/An का प्रयोग किसी Singular Countable Noun के पहले होता है; जैसे—

(i) Mohan is **a** **singer.**
a ↓ Noun ↓ (Singular Countable)

(ii) This is **an** **apple.**
an ↓ Noun ↓ (Singular Countable)

इस नियम पर आधारित Problems बहुधा पूछे जाते हैं। देखें—

(i) Ravi prefers / self employment / to job / in any office. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (Bhopal) P.O. EXAM., 1989]**

इस प्रश्न का Part (C) गलत है क्योंकि **'job'** एक Singular Countable Noun है जिसके पहले **'a'** का प्रयोग होगा। अत: सही प्रयोग **a job** होगा।

(ii) It being rainy day / most of the people / out on the street were / carrying umbrellas. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (Patna) Clerical Exam., 1993]**

इस प्रश्न का Part (A) गलत है क्योंकि **'day'** एक Singular Countable Noun है जिसके पहले **'a'** का प्रयोग होना चाहिए, किन्तु day के पहले एक Adjective **rainy** है जिसके चलते **a** का प्रयोग rainy के पहले होगा। अत: सही प्रयोग **a rainy day** होगा।

(iii) Summons / was served / on Ram. / No Error.
(A) (B) (C) (D)

**[C.D.S. Exam., 1999]**

इस प्रश्न का Part (A) गलत है क्योंकि summons एक Singular Countable Noun है जिसके पहले A का प्रयोग होगा। अत: सही प्रयोग **A Summons** होगा। देखें—

**Summons**—n(noun), pl (= plural) **summonses** [c (= countable)] an official order to appear in a court of law : serve **a summons** on sb (= somebody)

**—LONGMAN DICTIONARY OF CONTEMPORARY ENGLISH (p. 1446)**

(iv) Laser beams can carry / long distance signals in way / somewhat similar to radio waves. / No Error.
(A) (B) (C) (D)

**[R.R.B., (Tiruvananthpuram) A.S.M. Exam., 2001]**

इस प्रश्न का Part (B) गलत है क्योंकि way एक Singular Countable Noun है जिसके पहले **a** का प्रयोग होगा। अत: सही प्रयोग **in a way** होगा।

**2. Some Idiomatic uses of A/An :**

(a) संख्या (number) तथा मात्रा बतानेवाले कुछ खास expressions में; जैसे—

| | |
|---|---|
| A lot (of) | A great many (of) |
| A great deal (of) | A good many (of) |
| A good deal (of) | A number (of) |
| A large quantity (of) | A large number (of) |
| A large amount (of) | A great number (of) |

(b) कुछ अन्य expressions में : eat a humble pie, in a hurry, in a dilemma, in a rage, in a mood, in a temper, at a loss, have a drink, have a rest, have a walk, go for a walk, have a headache, have a sleep, have a dream, have a chat, have a quarrel, have a fight, make a noise, take a risk, take a hint, take a rest, take a meal, have a good/bad education, get/give/award a scholarship etc.

ऐसे idiomatic प्रयोगों में से **a** को हटाकर Problem दिया जाता है। देखें—

(i) Nathan's habit of / delaying his work / put his collegues / to lot of trouble. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (Delhi) P.O. Exam. – 1990]**

इस प्रश्न का Part (D) गलत है क्योंकि lot के पहले **a** का प्रयोग होगा। अत: a lot of trouble सही प्रयोग होगा।

**NOTE** : lot को plural बनाने से भी यह Part सही हो जाता क्योंकि **lots of** का प्रयोग भी होता है।

(ii) Even though our team took the field with great confidence, the opposition made them eat the humble pie.

(A) a humble pie (B) humble pie
(C) humble pies (D) No improvement

**[C.D.S. Exam., 1999]**

इस प्रश्न में underlined Part 'the humble pie' को विकल्प (A) में दिए गए शब्दों 'a humble pie' से improve करना पड़ेगा क्योंकि **eat a humble pie** एक idiom है।

**3. Difference between A and An :** A का प्रयोग consonant sound (व्यंजन ध्वनि) से शुरू होनेवाले शब्दों के पहले होता है। जैसे—A pen/A box/A table/A car. [यहाँ pen का पहला sound /प/, box का पहला sound /ब/, टेबुल का पहला sound /ट/ तथा car का पहला sound /क/ consonant sounds हैं।]

**An** का प्रयोग vowel sound से शुरू होनेवाले शब्दों के पहले होता है। जैसे—**An** orange / **An** elephant / **An** ox / **An** ass. [यहाँ orange का पहला sound /ऑ/, elephant का पहला sound /ए/, ox का पहला sound /ऑ/, ass का पहला sound /ए/ vowel sounds हैं।]

**NOTE** : किसी शब्द का पहला sound **consonant** है या **vowel** इसकी जाँच आप उस शब्द का हिन्दी 'उच्चारण' लिखकर कर लें। यदि उच्चारण में किसी शब्द का पहला letter हिन्दी का **vowel** हो तो उसके पहले **an** का प्रयोग होगा और यदि **consonant** हो तो उसके पहले **a** का प्रयोग होगा। जैसे M.A. का पहला letter 'M' consonant है किन्तु इसका उच्चारण 'एम' होता है। 'एम' का पहला sound /ए/ एक vowel है। अत: **An** M.A. का प्रयोग होगा, किन्तु Member का पहला letter 'M' है किन्तु इसका sound /म/ एक consonant है। अत: **A** Member का प्रयोग होगा। निम्नलिखित शब्दों के साथ A तथा An के प्रयोगों को देखें :

**an** X-ray plant [एक्स-रे प्लान्ट] [पहला sound /ए/ है।]

a one-way ticket [वन-वे टिकिट] [पहला sound /व/ है।]

a unique man [यूनिक मैन] [पहला sound /य/ है।]

an umbrella [अम्ब्रेला] [पहला sound /अ/ है।]

इस नियम पर आधारित Problems बहुधा पूछे जाते हैं। देखें—

(i) I am not / wealthy so I / cannot afford to buy / a
(A) (B) (C)
expensive car. / No Error.
(D) (E)

**[B.S.R.B. (Jaipur) Clerical Exam., 1991]**

[इस प्रश्न का Part (**D**) गलत है। इस Part में **a** के बदले **an** का प्रयोग होगा क्योंकि expensive (इक्सपैन्सिव) का पहला sound /इ/ हिन्दी का vowel है।]

(ii) He had no / illusion of being / either a distinguished
(A) (B) (C)
writer / or a editor / No Error.
(D) (E)

**[B.S.R.B. (Lucknow) Clerical Exam., 1993]**

[इस प्रश्न के Part (D) में **a** के बदले **an** का प्रयोग होगा क्योंकि editor का पहला sound /ए/ हिन्दी का एक vowel है।]

**1. Uses of 'The'** :—The का प्रयोग आवश्यकतानुसार किसी Singular Countable Noun, Plural Countable Noun या Uncountable Noun को definite बनाने के लिए किया जाता है; जैसे—

(i) You are **the** man who helped me.
↓ the ↓ Noun (Singular Countable)

(ii) These are **the** girls whom I have invited.
↓ the ↓ noun (Plural Countable)

(iii) The water of this well is polluted.
↓ The ↓ Noun (Uncountable)

**2. Some Important Uses of 'The'** : (i) नदियों के नामों के पहले (जैसे—The Ganges (or The Ganga), The Brahmputra, The Cauvery, The Krishna), समुद्रों के नामों के पहले (जैसे—The Arabian Sea, The Red Sea, The Dead Sea), महासागरों के नामों के पहले (जैसे—The Indian Ocean, The Pacific Ocean The Atlantic Ocean), पर्वत शृंखलाओं के नामों के पहले (जैसे—The Himalayas, The Alps), भौगोलिक दिशाओं के नामों के पहले (जैसे—The east, The west) भौतिक स्थानों या वातावरण बतानेवाले शब्दों के पहले (जैसे—The top, The bottom, The centre, The weather, The world, The mountains etc.), द्वीप समूहों के नामों के पहले (जैसे—The Andamans, The Nicobars, The Phillipines, The East Indies, The West Indies)

**3.** Superlative Degree के Adjectives के पहले; जैसे—

(i) She is **the tallest** girl in the class.

(ii) He is **the best** boy in the class.

इस नियम पर आधारित problems बहुधा पूछे जाते हैं। देखें—

Sunil is / a best student / in our class / at present. /
(A) (B) (C) (D)
No Error.
(E)

**[B.S.R.B. (Patna), Clerical Exam. 1988]**

[इस प्रश्न के Part (B) में **a** के बदले **the** का प्रयोग होगा क्योंकि superlative degree के adjective के पहले **the** का प्रयोग होता है। अत: **the** best student सही प्रयोग होगा।]

**4.** Comparative Degree के बाद यदि than या to का प्रयोग हो तो उस Comparative Degree के पहले **the** का प्रयोग नहीं होता है; जैसे—

(i) He is **better than** you. [न कि **the** better than]

(ii) She is **senior to** you. [न कि **the** senior to]

इस नियम पर आधारित Problem देखें—

(i) The interviewer asked me / if I knew that / Kalidas was
(A) (B)
the greater / than any other poet. / No Error.
(C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (P.O.) Exam., 1996]**

[इस प्रश्न के Part (C) में the का प्रयोग गलत है क्योंकि इस वाक्य में comparative + than का प्रयोग है। अत: Kalidas was greater.....सही प्रयोग होगा।]

किन्तु निम्नलिखित परिस्थितियों में Comparative Degree के पहले The का प्रयोग होता है—

**(A)** यदि Comparative Degree के बाद of the two का प्रयोग हो; जैसे—

He is **the better of the two** boys.
↓ the ↓ comp. ↓ of the two

**(B)** यदि दो समान चीजों में उत्तरोत्तर विकास या ह्रास दर्शाना हो तो the + Comp. + Subject + Verb, the + Comp. + Subject + Verb का प्रयोग होता है; जैसे—

(i) **The more** he gets, **the more** he wants.

इस नियम पर आधारित Problems बहुधा पूछे जाते हैं। देखें—

(i) In a mountaineering expedition / higher you go from the base camp / the colder you feel. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[S.C.R.A. Exam., 1998]**

[इस प्रश्न के Part (B) में higher के पहले the का प्रयोग होगा। अत: सही प्रयोग **the higher** होगा।]

(ii) The greater the demand, higher the price.

(A) high (B) the high

(C) the higher (D) No improvement

**[S.S.C. (Section officer Commercial Exam., 2001)]**

इस प्रश्न का underlined part **higher** को (C) में दिये गए शब्दों का समूह **the higher** से improve करना पड़ेगा।

**5.** सामान्यतया Ordinal Adjective के पहले **the** का प्रयोग होता है; जैसे—

(i) Who was **the first** President of India ?

**6.** सामान्यतया Noun + of + Noun का प्रयोग होने पर पहला Noun के पहले **the** का प्रयोग होता है; जैसे—

(i) **The** students of this class are naughty.
↓ ↓ ↓ ↓
the Noun of Noun

इस नियम पर आधारित Problems बहुधा पूछे जाते हैं। देखें—

(i) The teacher drew / an attention of the / boys to the importance / of regular practice. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. Jaipur, Clerical Exam., 1992]**

[इस प्रश्न के Part (B) में **an** के बदले **the** का प्रयोग होगा]

## OMISSION OF ARTICLES

**1.** किसी विषय (Subject), भाषा (language), खेल (games & sports) के नाम के पहले Article का प्रयोग नहीं होता है; जैसे—

(i) He is a student of **history**.

(ii) She can speak **Hindi, Sanskrit** and **English**.

**2.** किसी Possessive Adjective (My, Your, Our, etc.), किसी Demonstrative Adjective (This, That, These, Those, No, Any, Other, Any other, etc.) किसी Distributive Adjective (each, either, neither, every) के बाद प्रयुक्त Noun के पहले Article का प्रयोग नहीं होता है; जैसे—

(i) This is my **house.** [न कि **a/the** house]

(ii) This **house** is mine. [न कि **a/the** house]

(iii) Each **boy** was ready. [न कि **a/the** boy]

**3.** Kind of, type of, sort of, variety of, rank of, post of, title of, position of, A number of, A large number of, A lot of, Lots of, Plenty of, A great deal of के बाद आनेवाले Noun के पहले Article का प्रयोग नहीं होता है; जैसे—

(i) I do not like this **kind of man.** [न कि a man]

(ii) He has been promoted to the **rank of** S.P. [न कि **an** S.P. या the S.P.]

(iii) **A lot of money** has been spent. [न कि the money]

**NOTE** : Kind of, type of, sort of के बाद a/an का प्रयोग हो सकता है यदि वाक्य Interrogative Sentence में हो; जैसे—

What type of **a singer** is he ?

या, What type of **singer** is he ?

**4.** Man, Woman, Life, Death, Science, Art, Nature का प्रयोग यदि व्यापक अर्थों में हो तो इनके पहले किसी Article का प्रयोग नहीं होता है; जैसे—

(i) **Man** is mortal.

(ii) **Woman** is man's mate.

इस नियम पर आधारित Problem देखें—

The man is mortal / and ultimately he has to leave everything here, / yet how irrationally he remains attached to his worldly possessions. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (Bombay) P.O. Exam., 1994]**

[इस प्रश्न के Part (A) में man के पहले **the** का प्रयोग नहीं होगा।]

**5.** school, college, church, hospital, prison, jail, court, bed, market का प्रयोग यदि मौलिक उद्देश्य के लिए हो तो इनके पहले किसी Article का प्रयोग नहीं होता है।

(i) I go to **school** daily. [अध्ययन के लिए]

(ii) The injured man was sent to hospital. [इलाज के लिए]

इस नियम पर आधारित Problems देखें—

(i) The moment Vignesh was / admitted to the hospital / the warden decided / to inform his parents. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (Bangalore), P.O. Exam., 1991]**

[इस प्रश्न के Part (B) में hospital के पहले the का प्रयोग नहीं होगा।]

(ii) The robbers were / caught just as they / were about to / escape from the jail. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**[B.S.R.B. (Lucknow) Clerical Exam., 1992]**

[इस प्रश्न के Part (D) में jail के पहले the का प्रयोग नहीं होगा और शुद्ध प्रयोग escape from **jail** होगा।]

**6.** निम्नलिखित phrases में Articles का प्रयोग नहीं होता है—

(a) by post / by chance / by messenger / by cheque / by air / by land / by sea / by road / by car / by bus / by jeep / by train / by plane / by steamer / by scooter / by bicycle / by mistake.

(b) in fact / in detail / in short / in trouble / in confusion / in time / in demand / in danger / in life / in haste / in cricis / in difficulty / in doubt / in debt.

(c) on strike / on duty / on foot / on payment / on leave / on demand / on time / on earth.

(d) write in ink / write in pencil (किन्तु write with a pen / write with a pencil).

## PROBLEMS BASED ON ARTICLES

***Directions** : Find out the error in each of the following sentences if any . If there is no error, your answer is 'E'.*

1. In science the credit goes to a man (A) / who convinces the world, (B) / not to the man to whom (C) / the idea first occurs. (D) / No Error. (E)

2. It is only after (A) / the war is over (B) / that people realise (C) / how bad it was (D) / No Error. (E)

3. Of the two (A) / answers, this (B) / is definitely (C) / better. (D) / No Error. (E)

4. He is unfortunate enough (A) / to lose (B) / few friends he made (C) / during his stay at Patna. (D) / No Error. (E)

5. There were a number (A) / of pretty girls in the party (B) / but it was Ragini (C) / who remained a centre of attraction. (D) / No Error. (E)

6. I have been (A) / informed that (B) / Dr. Sinha visits Patna (C) / the following month. (D) / No Error. (E)

7. He is (A) / the best artist (B) / of the time but unfortunately (C) / least recognised. / No Error. (E)

8. He said that he felt nervous (A) / because a friend of his (B) / had given him (C) / a very bad news. / No Error. (E)

9. I don't like (A) / that type of a man (B) / who does nothing but (C) / find out faults in others. (D) / No Error. (E)

10. He claims to be a linguist (A) / but, in reality, he (B) / does not know even (C) / the A B C of linguistics. (D) / No Error. (E)

11. The remedy lies (A) / in promoting values of humanism (B) / and democracy so as to combat (C) / the oncoming brand of fascism. (D) / No Error. (E)

12. When the house was (A) / set on the fire, all the people (B) / started crying at the top (C) / of their voices. (D) / No Error. (E)

13. A first step (A) / in a rational solution (B) / to any problem is the (C) / recognition of the fact that a problem exists. (D) / No Error. (E)

14. Little knowledge (A) / of music that he possessed (B) / proved to be a boon for him (C) / when he was utterly helpless. (D) / No Error. (E)

15. Don't talk to (A) / him, he always / remains in temper (C) / these days. (D) / No Error. (E)

16. He boasts of (A) / having good knowledge (B) / of mathematics but everybody (C) / knows how far he is good at mathematics. (D) / No Error. (E)

17. It was (A) / by a mistake (B) / that he caught (C) / her hand. (D) / No Error. (E)

18. These orders of (A) / the Manager (B) / may put the lives of (C) / two thousand workers in a danger. (D) / No Error. (E)

19. I inspired him (A) / to take the heart (B) / in all adverse situations (C) / and deserve to be called a real hero. (D) / No Error. (E)

20. In my opinion it is not the failures (A) / that have made (B) / him lose the heart but the lack of (C) / emotional support. (D) / No Error. (E)

21. The most happy (A) / marriage would be (B) / a union of a deaf (C) / man to a blind woman. (D) / No Error. (E)

22. John suggested to / his brothers that they should / go to the school regularly / and do their home work sincerely. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

23. After returning / from the jail, he has abandoned / all the criminal activities and is determined / to lead a simple life. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

24. He was an atheist / but now-a-days he goes to the church/ and offers prayers / for hours. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

25. His father / forbade him to go / to cinema / late at night. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

26. The fact that the compact car / is better than / conventional cars has / been proved by its sales. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

27. There was little / milk in the bottle and she gave it / to the baby when it / started weeping. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

28. He leads / a very busy life / so he goes everywhere / by a car. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

29. Thanks to an insight/ and persistence of the local doctor,/ hundreds of victims have been / able to resume a normal life. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

30. In a hour's time / when I had finished the work, / I got up and / slipped out unnoticed. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

31. He uses / the mock-heroic / style to depict / a violence. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

32. People in Darwin / had become so accustomed to cyclone warnings / that few of them paid any attention to the radio warnings / which began this morning. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

33. One should / be true to one's promises / in order to earn / name and fame in the life. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

34. The seed / of all the modern amenities / lies in / the science. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

35. "Music is science / but singing is an art" / said the / music teacher. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

36. We should spend / a good part of the day / in out of door activities and games / because staying indoors all the time is bad for health. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

37. He should mix / his authority with little / of courtesy and / common sense. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

38. It is a pity / that the son of millionaire / should indulge / in stealing. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

39. It is / the most important / question which you have / to prepare very carefully. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

40. Brahmaputra is / one of the longest rivers / that originate / in the Himalayas. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

41. The Ganges / is for North India / what Krishna / is for South India. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

42. The first European / sailor to come to India / in modern times / was Vasco-da -Gama. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

43. The trees in a forest / must be properly counted and numbered / and proper entries be made / in the register. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

44. The principal / asked the girls to return / to the hostel / before / the sunset. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

45. He found / himself in a trouble / when he saw no / rickshaw outside the station. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

46. He said / that he did not feel / any need to discuss / the episode in the detail. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

47. In the conclusion / it may be safely asserted that / the poet preaches some / moral implicitly. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

48. All the staffs / of this office hold the view / that Mr. Sinha is a very wise / and an intelligent officer. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

49. The man / is the only creature / that is endowed with / the power of speech. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

50. It is very difficult / to point out the number of / the creatures living / on earth. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

**ANSWERS**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1.** (A) | **2.** (B) | **3.** (D) | **4.** (C) | **5.** (D) |
| **6.** (E) | **7.** (D) | **8.** (D) | **9.** (B) | **10.** (E) |
| **11.** (B) | **12.** (B) | **13.** (A) | **14.** (A) | **15.** (C) |
| **16.** (B) | **17.** (B) | **18.** (D) | **19.** (B) | **20.** (C) |
| **21.** (C) | **22.** (C) | **23.** (B) | **24.** (B) | **25.** (C) |
| **26.** (E) | **27.** (A) | **28.** (D) | **29.** (A) | **30.** (A) |
| **31.** (D) | **32.** (E) | **33.** (D) | **34.** (D) | **35.** (D) |
| **36.** (E) | **37.** (B) | **38.** (B) | **39.** (B) | **40.** (A) |
| **41.** (C) | **42.** (E) | **43.** (E) | **44.** (D) | **45.** (B) |
| **46.** (D) | **47.** (A) | **48.** (D) | **49.** (A) | **50.** (E) |

## EXPLANATIONS

**1.** (A) a man के बदले **the** man होगा क्योंकि man से वहाँ निश्चित आदमी का बोध होता है। जैसे—The boy who; the dog which etc. अर्थात् who/which/that के पहले प्रयुक्त Nouns सामान्यत: 'the' लेते हैं।

**2.** (B) **the** के बदले **a** होगा क्योंकि **the** war से एक निश्चित युद्ध का बोध होता है, जबकि **a** war से any war का।

**3.** (D) better के पहले 'the' का प्रयोग होगा क्योंकि जब Comparative Degree के Adjective से choice या option का बोध हो तो उसके पहले The लगता है। अर्थात् यदि Comparative Degree के बाद 'of the two' हो तो उस Comparative Degree के पहले 'the' का प्रयोग होता है; जैसे—

(i) He is the taller of the two boys.
↓ ↓ ↓
the comp. of the two.

**4.** (C) few के पहले **the** का प्रयोग होगा क्योंकि the few friends he made का अर्थ होता है "जो कुछ दोस्त उसने बनाये" जबकि 'Few friends' का अर्थ है 'No friends'.

**5.** (D) **a** के बदले the होगा क्योंकि Noun + of + Noun construction में of के पहले प्रयुक्त Noun के पहले सामान्यत: The लगता है; जैसे—

The boys of this college
↓ ↓ ↓ ↓
The noun of noun

**6.** (E) वाक्य शुद्ध है।

**7.** (D) least के पहले the होगा क्योंकि Superlative Degree के Adjective के पहले the का प्रयोग होता है।

**8.** (D) a का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि News एक Uncountable Noun है। इसी प्रकार, information, luggage, baggage, scenery, drapery आदि के पहले a/an का प्रयोग नहीं होता है।

**9.** (B) a का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि type of, kind of, sort of के बाद प्रयुक्त होनेवाले Noun के पहले सामान्यत: Article का प्रयोग नहीं किया जाता है; जैसे—

(i) I don't appreciate this kind of book.
[न कि this kind of **a** book.]

**10.** (E) वाक्य शुद्ध है।

**11.** (B) values के पहले the होगा। उत्तर सं० 5 की व्याख्या देखें।

**12.** (B) on the fire के बदले on fire होगा जो idiomatic है। ध्यान रखें कि 'on fire' या set (something) on fire में fire के पहले 'the' / 'a' / 'an' का प्रयोग गलत होता है।

**13.** (A) A के बदले The होगा। क्योंकि किसी Ordinal Adjective के पहले the का प्रयोग होता है।

**14.** (A) Little के पहले the होगा। The little का अर्थ है 'जो थोड़ा' किन्तु Little का अर्थ है almost none (नहीं के बराबर)।

**15.** (C) in temper के बदले in a temper होगा जो idiomatic है। इसी प्रकार in a mood/in a rage/in a dilemma का प्रयोग होता है।

**16.** (B) good के पहले **a** होगा क्योंकि have 'a good/sound knowledge' idiomatic है। ध्यान रखें कि 'knowledge' का प्रयोग यदि व्यापक अर्थ में हो (अर्थात् 'ज्ञान' के अर्थ में हो) तो knowledge एक Uncountable Noun है जिसके चलते इसके पहले किसी Article का प्रयोग नहीं होता है; जैसे— (i) **Knowledge** is power.

(ii) He is a man of **knowledge.**

किन्तु, जब knowledge के पहले कोई Adjective हो तो उस Adjective के पहले A/An का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

(i) She has a good knowledge of English grammar.
↓ ↓ ↓
a adj. knowledge

फिर, जब Knowledge को Definite बनाया जाए तो इसके पहले 'the' भी प्रयोग में लाया जा सकता है; जैसे—

(i) The knowledge of this man is limited.
↓ ↓
The knowledge

17. (B) 'a' का प्रयोग नहीं होगा, 'by mistake' का प्रयोग iodiomatic है।

18. (D) 'a' का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि in danger, in trouble, in confusion, in debt, in demand, in detail, in fact आदि idiomatic हैं।

19. (B) the का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि take heart, take action, take care आदि idiomatic हैं।

20. (C) the का प्रयोग नहीं होगा। take heart के तरह lose heart भी idiomatic है।

21. (C) a union के बदले the union होगा। पुन: 'The + Noun + of + Noun' construction है।

22. (C) school के पहले the नहीं होगा। go to school/church/jail आदि से school, church, jail के मौलिक उद्देश्य का बोध होता है। go to school (पढ़ने के लिए) go to the school (किसी अन्य कार्य के लिए)।

23. (B) jail के पहले the नहीं होगा। return from jail का अर्थ है (सजा काटकर जेल से लौटना) return from the jail का अर्थ है (कोई कार्य करके जेल से लौटना)।

24. (B) church के पहले the नहीं होगा। उत्तर सं० 22 की व्याख्या देखें।

25. (C) go to the cinema/circus/theatre/opera/station आदि idiomatic हैं। अत: go to cinema के बदले go to the cinema होगा।

26. (E) वाक्य शुद्ध है।

27. (A) little के पहले a का प्रयोग होगा। A little का अर्थ है 'थोड़ा' किन्तु little का अर्थ है 'नहीं के बराबर या एकदम नहीं'।

28. (D) car के पहले a का प्रयोग नहीं होगा। by car, by bus, by train आदि idiomatic हैं। यदि कोई खास car या train हो तो वैसी स्थिति में car या train के पहले article होता है; जैसे—by the 7.30 train etc.

किन्तु हम in a car. in a taxi, in a jeep, on a plane, on a ship, on a steamer. on a bicycle, on a scooter, on a motor cycle आदि कहते हैं।

29. (A) an बदले the होगा चूँकि construction 'The + Noun + of + Noun' पर आधारित है।

30. (A) a के बदले an होगा। hour का पहला sound 'ऑ' एक vowel है।

31. (D) a का प्रयोग नहीं होगा। 'depict violence' idiomatic है।

32. (E) वाक्य शुद्ध है।

33. (D) the का प्रयोग life के पहले नहीं होगा। व्यापक अर्थ में प्रयुक्त होने पर life, science, man, woman के पहले the का प्रयोग नहीं होता है। यदि life, science आदि का प्रयोग खास अर्थों में हो तो वे अपने साथ article लेते हैं; जैसे—

(i) He leads **a happy life.**

(ii) **The life of this patient** is in danger.

34. (D) the का प्रयोग science के पहले नहीं होगा। व्याख्या उत्तर संख्या 33 में दिया गया है।

35. (D) science के पहले a होगा क्योंकि science का प्रयोग यहाँ व्यापक अर्थ (विज्ञान) के रूप में नहीं हुआ है बल्कि (a branch of knowledge based on scientific principles) के रूप में हुआ है। उसी प्रकार, यदि Art का प्रयोग कला (creation of beauty) के अर्थ में हो तो इसके पहले कोई Article नहीं लगता है। जैसे—'**Art** lies in concealing **art**', किन्तु Art का अर्थ जब skill हो तो इसके पहले Article का प्रयोग होता है; जैसे—He has developed **an** excellent **art** of teaching.

36. (E) वाक्य शुद्ध है।

37. (B) little के पहले a का प्रयोग होगा। उत्तर सं० 27 की व्याख्या देखें।

38. (B) millionaire के पहले a का प्रयोग होगा क्योंकि millionaire एक countable noun है। हम Two/three millionaires कहते हैं।

39. (B) the के बदले a का प्रयोग होगा क्योंकि जब तक दो या दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं की तुलना नहीं हो तो हम Superlative Degree के Adjective का प्रयोग नहीं करते हैं। 'The most' Superlative Degree में प्रयुक्त होता है जबकि 'a most' positive degree में। ऐसी स्थिति में most का अर्थ होता है very; जैसे—

(i) You are **the most** powerful man in this party.

(ii) You are **a most** powerful man.

यहाँ पहले वाक्य में 'you' की तुलना party के अन्य सदस्यों से हुई है, जबकि दूसरे वाक्य में 'you' की तुलना किसी से नहीं है। इसमें a most = a very.

उसी प्रकार,—(i) She is **the most** beautiful girl in the class.

किन्तु, (ii) She is **a most** beautiful girl.

40. (A) Brahmaputra के पहले The का प्रयोग होगा क्योंकि Brahmaputra एक नदी का नाम है।

41. (C) Krishna के पहले the का प्रयोग होगा क्योंकि तुलना यहाँ **गंगा और कृष्णा** दो नदियों के बीच है, और आप जानते हैं कि नदियों के नामों के पहले 'the' का प्रयोग होता है; **जैसे—The Koshi** is known as a curse to North Bihar.

42. (E) वाक्य शुद्ध है।

43. (E) वाक्य शुद्ध है।

44. (D) sunset के पहले the नहीं होगा क्योंकि before, after आदि के बाद यदि dawn, daybreak, sunrise, sunset, noon,

night आदि का प्रयोग हो तो इनके पहले Article नहीं लगता है। देखें—(i) She returned home after **sunset.**

[न कि after **the** sunset]

किन्तु (ii) She returned home after **the sun had set.**

**45.** (B) trouble के पहले a का प्रयोग नहीं होगा। व्याख्या के लिए उत्तर सं० 18 देखें।

**46.** (D) detail के पहले the का प्रयोग नहीं होगा, in detail, in difficulty, in problem, in fear, in hope, in sense, in conclusion आदि idiomatic हैं।

**47.** (A) conclusion के पहले the का प्रयोग नहीं होगा। कारण उत्तर सं० 46 में दिया गया है।

**48.** (D) intelligent के पहले an का प्रयोग नहीं होगा। जब दो Adjectives का प्रयोग एक ही व्यक्ति या वस्तु के लिए हो तो सिर्फ पहला Adjective के पहले Article का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

(i) **A** red and blue coat (एक ही coat जो लाल तथा नीला है)।

(ii) **A** red and **a** blue coat (दो coats जिनमें एक लाल तथा एक नीला है)।

**49.** (A) man के पहले the का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि man का प्रयोग जब सम्पूर्ण मानव जाति के लिए हो तो इसके पहले किसी ARTICLE का प्रयोग नहीं होता है; जैसे—

(i) **Man** is mortal. [न कि A man / The man is mortal]

(ii) **Man** is a social animal. [न कि A man / The man]

(iii) **Man** is the crown of creation. [न कि A man / The man]

किन्तु, यदि 'man' का प्रयोग Countable Noun के रूप में हो तो इसके पहले a/an होता है; जैसे—

(i) Jyoti Babu is <u>a</u> <u>man</u> of honour.
↓ ↓
**a** **man**

फिर, यदि 'man' का प्रयोग किसी निश्चित व्यक्ति के लिए हो तो इसके पहले 'the' भी होता है; जैसे—

(i) <u>The</u> <u>man</u> who was killed was a leader.
↓ ↓
the man

**50.** (E) वाक्य शुद्ध है।

★★★

Gerund से पहले Possessive Case.

*Chapter–2*

# NOUNS & CASES

**CASES**—The relation in which a noun stands to some other word, or the change of the form by which this relation is indicated, is called the case.

Case चार प्रकार के होते हैं।

(A) Nominative Case or Subjective Case (कर्त्ता कारक)

(B) Objective Case (कर्म कारक)

(C) Possessive / Genitive Case (सम्बन्ध कारक)

(D) Vocative Case (सम्बोधन कारक)

यहाँ हम मुख्य रूप से Possessive Case की चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि Noun के साथ Nominative या Objective Case में कोई Problem नहीं होता है कोई भी Noun Nominative या Objective Case में एक ही रूप में रहता है; जैसे—

(i) Ram ↓ (Nominative) loves Sita ↓ (Objective)

(II) Sita ↓ (Nominative) loves Ram ↓ (Objective)

हाँ, Pronoun में Nominative और Objective के रूप में परिवर्तन होता है जिसकी विस्तार से चर्चा हम PRONOUNS के अंतर्गत करेंगे।

**POSSESSIVE CASE**—Possessive Case, possession (अधिकार) या ownership (स्वामित्व बताता है)। यह possession या ownership बताने का काम 's [Apostrophe 's'] या 'of' के सहारे किया जाता है; जैसे—

(i) Shakespeare's plays या The plays of Shekespeare.

किन्तु, आप सभी जगहों पर 's का प्रयोग नहीं कर सकते हैं और जहाँ इसका प्रयोग नहीं होना चाहिए वहाँ इसका प्रयोग कर परीक्षा में Problems दिए जाते हैं; जैसे—

(i) A table's legs / were broken / by my / angry brother. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

[इस वाक्य में A table's legs का प्रयोग गलत है। हमें The legs of a table कहना पड़ेगा क्योंकि table / bench आदि निर्जीव पदार्थ हैं जिनके साथ 's का प्रयोग गलत होता है।]

**(A) तो देखें 's का प्रयोग हम कहाँ-कहाँ कर सकते हैं—**

1. मानव जाति / जानवर के साथ—
   जैसे—**Man's** life / **Ram's** wife.
   **Dogs'** kennels / **Cows'** tails.
2. यदि किसी निर्जीव पदार्थ को मानव के रूप में प्रस्तुत किया जाए; जैसे—
   (i) **Death's** icy hand.
   (ii) **Fortune's** favourite.
3. समय बतानेवाले शब्दों के साथ; जैसे—
   (i) A **moment's** delay, A **week's** leave, A **month's** absence.
4. वजन बतानेवाले शब्दों के साथ यदि उनके बाद 'weight' शब्द का प्रयोग हो; जैसे—
   (i) A **ton's** weight; A **gram's** weight.
5. Money की इकाइयों के साथ यदि उनके बाद value / worth का प्रयोग हो; जैसे—
   (i) A **rupee's value**; **a pound's worth**.
6. Space बतानेवाले शब्दों के पहले प्रयुक्त Nouns के साथ; जैसे— (i) A **razor's edge**, A **needle's point**, A **boat's length**.
7. कुछ उत्कृष्ट प्राकृतिक वस्तुओं (Some dignified natural objects) के साथ; जैसे—
   The **earth's** surface / gravity / creatures / area etc.
   The **sun's** rays; **Heaven's** will; the **heart's** content,
   the **soul's** delight / journey; the **mind's** eye, etc.
8. कुछ खास परिस्थितियों में expressions को छोटा रखने के ख्याल से; जैसे—
   The ship's / The train's / The plane's → arrival / departure
   A boat's crew.

**(B) ['s] [Apostrophe's] के प्रयोग से संबंधित कुछ खास बातें—**

1. दो लगातार Nouns पर 's [Apostrophe's] का प्रयोग नहीं किया जाता है; जैसे—
   **Ram's wife's** career का प्रयोग गलत माना जाता है। इसके बदले हमें The career of **Ram's** wife का प्रयोग करना चाहिए।
2. किसी Compound Noun के अन्तिम शब्द पर 's का प्रयोग होता है; जैसे—
   (i) His **son-in-law's** appointment [न कि son's-in- law's appointment]
   (ii) **The Government of India's** orders.
3. यदि किसी Noun के साथ Noun in Apposition का प्रयोग हो तो Noun in Apposition के साथ 's का प्रयोग किया जाता है; जैसे— (i) Rajeev my friend's father.
   उसी प्रकार, (ii) My friend Rajeev's father.
4. यदि दो Nouns closely related हों तो अन्तिम Noun के साथ ['s] का प्रयोग होता है; जैसे—
   (i) Ram and Sita's sons [न कि Ram's and Sita's sons]
   किन्तु, Ram's and Shyam's sons.
5. Anybody / Somebody / Nobody / Everybody / Anyone / Someone / No one / Everyone के साथ भी 's का प्रयोग होता है; जैसे—(i) **Everybody's** business is **nobody's** business.
6. यदि Anybody / Somebody आदि के बाद 'else' का प्रयोग हो तो ['s] का प्रयोग else पर किया जाता है; जैसे—
   (i) I like your decision and not anybody else's.

इस नियम पर आधारित Problems दिये जाते हैं; जैसे—

I follow / your suggestions / and / nobody's else. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

[यहाँ nobody's else के बदले **nobody else's** का प्रयोग होगा।]

7. 'each other' या 'one another' के साथ भी ['s] का प्रयोग होता है।

जैसे—

(i) They like **each other's** ideas.

8. A + Noun + of + Noun construction में अन्तिम Noun के साथ सामान्यतय: ['s] का प्रयोग होता है यदि वह Noun कोई निश्चित व्यक्ति हो; जैसे—

(i) A friend of my **borther's.**

(ii) A house of **Ram's.**

किन्तु (i) A picture of Ram (राम की एक तस्वीर)

(ii) A picture of Ram's (राम के पास की तस्वीरों में एक)

## PROBLEMS BASED ON NOUNS & CASES

*Directions : Find out the error in each of the following sentences, if any. If there is no error, your answer is 'E'.*

1. You know it well (A) / that you success in life (B) / depends not on my advice (C) / but on somebody else. (D) / No Error. (E)

2. He informed me (A) / that he had gone to (B) / one of the Minister's residences (C) / and stayed there all night. (D) / No Error. (E)

3. The building's roof (A) / needs repairing otherwise (B) / it may fall down and (C) / result into many persons' death. (D) / No Error. (E)

4. I visited (A) / John's and Mary's house (B) / twice but found (C) / the couple absent. (D) / No Error. (E)

5. A ton's weight (A) / is too heavy for (B) / anyone to (C) / carry on his head. (D) / No Error. (E)

6. I stopped (A) / his going out late at night (B) / because the situation (C) / in the town was very tense. (D) / No Error. (E)

7. He did not approve (A) / of his son raising (B) / stupid questions and thereby (C) / vexing the teacher. (D) / No Error. (E)

8. America's problems (A) / are, however, (B) / not so serious (C) / and awful as India. (D) / No Error. (E)

9. Your tone of speaking (A) / as well as your friends (B) / is really extremely sarcastic (C) / yet we never take it seriously. (D) / No Error. (E)

10. The Finance Minister (A) / boasts of improving (B) / the economic condition of (C) / the country's. (D) / No Error. (E)

11. The life of the rich (A) / is not in many (B) / ways as peaceful (C) / as that of the poor's. (D) / No Error. (E)

12. For your sake (A) / as well as for your wife, (B) / we all wish that you may (C) / get that job. (D) / No Error. (E)

13. The expert mason reported to (A) / the owner of the hotel (B) / that / there was no question (C) / of the wall's falling down. (D) / No Error. (E)

14. The officer said (A) / that he appreciated (B) / his staffs coming on time (C) / and co-operating him. (D) / No Error. (E)

15. As we are told, (A) / this idea of Mrs. Gandhi's (B) / was totally valid in the (C) / present condition of India. (D) / No Error. (E)

16. It is true (A) / that I met (B) / the Chief Minister (C) / at one of my friend's houses. (D) / No Error. (E)

17. The teacher said (A) / to us that one ought (B) / to work hard in (C) order (D) / to attain one goal. / No Error. (E)

18. Being sure of his (A) / success, he told his friends that (B) / he would never forget (C) / even his enemies names. (D) / No Error. (E)

19. The survey gives (A) / us much knowledge of the (B) / public's opinion (C) / on the matter of terrorism. (D) / No Error. (E)

20. Very few soldiers / dared to turn / a deaf ear to their / Commander's-in-Chief orders. / No Error.
(A) (B) (C) (E)

21. Your son's–in–law's friend is seriously ill / and he wants you / to see him as soon as possible. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

22. I appreciate you / helping the poor / who are really the most ignored and completely deprived / section of our society. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

23. I have read / many plays of Shaw's / who is called the / Shakespeare of our age. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

24. I do not want / to bring her to my home / because her rashness / is quite intolerable. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

25. He is chiefly concerned / with his own problems / but you say / that his is not. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

26. A friend of my / wife came to me / yesterday and asked me for / some money. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

27. Unfortunately for me / the root cause of my frustration lies / in the Governments / dubious policy. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

28. He suggested to me / that I should go to the nursery / to bring some beautiful / summer's flowers. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

29. He came to his wits / end when he found / that his younger / brother had slapped his wife. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

30. When Jaya and Shyama / came across Jyoti, they / caught one another hands / and talked for a while. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

31. The former P. M. of India's / Mr. P. V. Narsimha Rao's / visit to Japan strengthened the relationship / between India and Japan. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

32. It was India's / past glory / that attracted / a number of invaders in the remote past. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

33. Everybody should be careful / to fulfil the society's demands / and thereby show his / attachment to it. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

34. 'Everybody's business / is nobody's business', / said the teacher / to the students. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

35. I postponed him / going to Delhi tonight as / I wanted him to deal with / one of my major problems. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

36. He told her / that he had ever seen / her with his / mind's eye. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

37. When I arrived / at the gate of his / house, I found his / locking up the door. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

38. India and China's present / condition clearly indicate / that both the countries / will face a lot of problems in the coming time. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

39. Keeping in view / the public's demands, / the company has declared to improve the quality and lower / the prices of its products. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

40. His maid servant / behaviour is undoubtedly / indecent but I don't / understand how he tolerates it. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

41. These buildings' decoration / is not as much / impressive as it / ought to be. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

42. Delhi's water supply / system is certainly / as good as is expected / in a capital town. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

43. Yeats's poetry is characterised / by his unique style / which he developed / during the long span of his life. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

44. Brutus' role in Julius Ceasure / is very attractive as / well as important as far as / the action of the play is concerned. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

45. The blind's life / is really very miserable / because they can't see / what happens around them. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

46. He did not know even / the name of the scientist / who discovered / the laws of the earth gravitational force. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

47. "This blade's edge / is sharper than any / other bade's" said / the sales representative of the company. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

48. Many of the questions' / given in this question paper / are so difficult that / many of the students may fail. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

49. The President of India / constitutional power is limitless/ but it is the P. M. who is, / indeed, powerful. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

50. Many a man's life is in danger / if the Government does not take / any serious action to / safeguard us. / No Error.
(A) (B) (C) (D) (E)

51. Nobody's claim / to be a permanent member / of the club is valid / in the eyes of the committee. / No Error
(A) (B) (C) (D) (E)

## ANSWERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (E) |
| 6. (E) | 7. (B) | 8. (D) | 9. (B) | 10. (D) |
| 11. (D) | 12. (B) | 13. (D) | 14. (C) | 15. (B) |
| 16. (D) | 17. (D) | 18. (D) | 19. (C) | 20. (D) |
| 21. (A) | 22. (A) | 23. (B) | 24. (E) | 25. (D) |
| 26. (B) | 27. (C) | 28. (D) | 29. (A) | 30. (C) |
| 31. (A) | 32. (E) | 33. (E) | 34. (E) | 35. (A) |
| 36. (E) | 37. (C) | 38. (A) | 39. (B) | 40. (A) |
| 41. (A) | 42. (E) | 43. (E) | 44. (E) | 45. (A) |
| 46. (D) | 47. (E) | 48. (A) | 49. (A) | 50. (E) |
| 51. (E) | | | | |

## EXPLANATIONS

**1.** (D) else के साथ 's [apostrophe' 's'] जोड़ना पड़ेगा, अर्थात् else के बदले else's का प्रयोग होगा। याद रखें कि आवश्यकता पड़ने पर somebody else / nobody else / anybody else आदि के साथ else पर ही 's [apostrophe 's'] का प्रयोग होता है।

दिये गए वाक्य में निम्नलिखित भाग की बनावट को समझें—

'not on my advice but on somebody else's advice.'

अब चूँकि else's के बाद 'advice' का repetetion हो रहा है अत: इस 'advice' शब्द को हम वाक्य से हटा देते है, और ऐसी स्थिति में यह सिर्फ understood रह जाता है। अत:, उपर्युक्त Expression को हम निम्नलिखित रूप में लिखेंगे—

"not on my advice but on somebody else's".

इस अर्थ पर आधारित कुछ अन्य वाक्यों को देखें—

(i) This is **Ram's** book and not **Shyam's.** [book]

(ii) Your problem is more difficult than **Sita's.** [problem]

**NOTE** : बड़ी कोष्ठक में दिये गए शब्द [book, problem आदि] सिर्फ understood रहेंगे।

**2.** (C) one of के बाद यदि दो Nouns का प्रयोग हो तो उनका Possession या Ownership हम 's के सहारे नहीं बताते हैं बल्कि 'of' के सहारे बताते हैं; जैसे—

one of the minister's residences के बदले the residence of one of the ministers कहना चाहिए।

इसके पीछे कारण यह है कि one of के बाद Noun Plural होता है। अत:, इसके बाद यदि दो Nouns का प्रयोग है तो यह कठिनाई खड़ी होती है कि दोनों में से कौन-सा Noun Plural हो। ऐसी स्थिति में Expression दोहरा अर्थ देने लगता है। देखें—

(i) One of the minister's residence.
[मंत्रियों में से एक का residence]

(ii) One of the minister's residences [मंत्री के residences में से एक]

अत: इसी दोहरे अर्थ की संभावनाओं से बचने के लिए ऐसी स्थिति में 'of' का प्रयोग किया जाना चाहिए।

प्रश्न में दिये गए वाक्य के इस भाग को 'the residence of one of the ministers' का प्रयोग होगा।

**3.** (A) 'The building's roof' के बदले 'the roof of the building' का प्रयोग करना पड़ेगा क्योंकि सामान्यत: निर्जीव पदार्थों के साथ हमलोग 's [apostrophe 's'] का प्रयोग नहीं करते हैं। अत:,

(i) The room's decoration

(ii) The wall's painting आदि कहना गलत है।

ऐसे Expressions को हम निम्नलिखित रूप से शुद्ध कर सकते हैं।

(i) The room decoration या The decoration of the room.

(ii) The wall painting या The painting of the wall.

**4.** (B) John's and Mary's के बदले John and Mary's का प्रयोग करना पड़ेगा।

याद रखें, कि जब दो Nouns एक-दूसरे से closely related हों तो 's सिर्फ दूसरे Noun के साथ होता है। इस वाक्य के Part (D) में 'couple' शब्द का प्रयोग है जिससे यह पता चलता है कि John and Mary 'पति-पत्नी' हैं। अतः, उन दोनों का एक ही 'घर' है।

यह भी याद रखें कि John's and Mary's house भी सही Expression है किन्तु इसका अर्थ होगा 'John's house and Mary's house' अर्थात् दोनों दो व्यक्ति हैं और दोनों का घर अलग-अलग है।

**5.** (E) वाक्य शुद्ध है।

याद रखें कि 'वजन' [weight] बतानेवाले शब्दों के साथ हम 's [apostrophe 's] का प्रयोग करते हैं; जैसे—

A **ton's** weight, A **gram's** weight, A **kilo's** weight आदि।

**6.** (E) वाक्य शुद्ध है।

**7.** (B) son पर 's [apostrophe 's'] का प्रयोग करना पड़ेगा क्योंकि Gerund [जिसे Verbal Noun भी कहा जाता है] के पहले Possessive Case का प्रयोग होता है; जैसे—

(i) Her → Possessive; dancing → Gerund

(ii) Your → Possessive; singing → Gerund

**8.** (D) India के साथ 's का प्रयोग करना होगा। अर्थात् India के बदले India's का प्रयोग होगा क्योंकि 'America के Problems की तुलना India के Problems से है, न कि India से। देखें—

(i) America's problems . . . . . . India's. [problems]

(b) Ram's books and Shyam's. [books]

**NOTE** : [बड़ी कोष्ठक में दिए गए शब्द understood रहते हैं।]

**9.** (B) friends पर [Apostrophe] का प्रयोग करना होगा। अर्थात् friends के बदले friends' का प्रयोग होगा। दिये गए वाक्य की बनावट को देखें—

(i) Your tone of speaking as well as your friends' [tone of speaking].

फिर यह भी ध्यान रखें जब किसी Plural Noun का अन्त [s] से हो तो ऐसे Plural Noun पर सिर्फ ' [Apostrophe] का प्रयोग किया जाता है, न कि 's [Apostrophe 's'] का; जैसे—

(i) Boys' hostel [न कि Boys's hostel]

